>

Title: Regarding demand and supply of urea in Rajasthan.

श्री ओम बिरला (कोटा): अध्यक्ष महोदया, राजस्थान के अन्दर राज्य सरकार की मांग के अनुसार, राज्य सरकार की 2 लाख 70 हजार मीट्रिक टन यूरिया की मांग थी, केन्द्र सरकार ने 2 लाख 90 हजार मीट्रिक टन यूरिया पहुंचा दी है। ...(व्यवधान) लेकिन राज्य सरकार के द्वारा उस यूरिया का वितरण ठीक से नहीं करने के कारण, वहां पर कालाबाजारी हो रही है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदया, मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि यूरिया की कालाबाजारी को रोका जाए, वितरण व्यवस्था को ठीक किया जाए और राजस्थान के अन्दर अतिरिक्त मांग को देखते हुए यूरिया की उपलब्धता की सुनिश्चित व्यवस्था की जाए। ...(व्यवधान) विशेष रूप से ग्राम सेवा सहकारी समिति में, कोऑपरेटिव सेक्टर के अन्दर यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करने का मैं सरकार से आग्रह करता हूं। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: श्री राहुल कस्वां, श्री भैरों प्रसाद मिश्र और श्री देवजी एम. पटेल को श्री ओम बिरला द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।